80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह

पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 वायु सेना स्थल गुरुग्राम के परिसर में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उमंग एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के गरिमामय स्वागत के साथ हुआ। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन मोहन राणा अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति, श्रीमती आशु प्रिया राणा अध्यक्ष AFWWA(L) 54 ASP वायु सेना,श्री चन्द्र शेखर आजाद उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय गुरुग्राम संभाग का पुष्पगुच्छ एवं हरित स्वागत-सम्मान के साथ अभिनंदन किया गया।

मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया, जिसके पश्चात राष्ट्रगान से पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से गूँज उठा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार यादव ने मुख्य अतिथि महोदय व विशिष्ट अतिथि महोदया का औपचारिक स्वागत किया।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता, भाषण , हरियाणवीं लोक नृत्य ,समूह नृत्य यक्ष गान क़वाली आदि मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने आशीर्वचन में विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी को जीवन का आधार बनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रेरणादायी शब्दों ने सभी विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के मूल्यों को समझने और अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया।

अंत में उप- प्राचार्या श्रीमती गीता यादव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

समूचा समारोह राष्ट्रप्रेम, एकता और देशभक्ति के उत्साह से परिपूर्ण रहा तथा विद्यार्थियों के मन में राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं कर्तव्यबोध की भावना को और सुदृढ़ करने में सफल रहा।

https://drive.google.com/drive/folders/11FFN3S78urBxkZDRWXRl908YzXRkGx9I

80TH INDEPENDENCE DAY CELEBRATION

The 80th Independence Day was celebrated with great enthusiasm, joy, patriotic fervour, and national pride at PM SHRI Kendriya Vidyalaya No. 1, Air Force Station, Gurugram.

The programme commenced with a warm and dignified welcome to the Chief Guest. On behalf of the Vidyalaya family, Group Captain Mohan Rana, Chairman, Vidyalaya Management Committee; Mrs. Ashu Priya Rana, President, AFWWA (L), 54 ASP, Air Force; and Mr. Chandra Shekhar Azad, Deputy Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan, Gurugram Region, were felicitated with bouquets and a warm green welcome.

The Chief Guest unfurled the National Flag, followed by the National Anthem, which filled the entire school campus with a deep sense of patriotism and pride.

The Principal of the Vidyalaya, Mr. Vinod Kumar Yadav, formally welcomed the Chief Guest and the distinguished guest.

The students presented a captivating array of cultural programmes, including patriotic songs, dances, poetry recitations, speeches, Haryanvi folk dance, group dance, Yakshagana, Qawwali, and other colourful performances. Through these presentations, the students paid heartfelt tribute to the sacrifices and contributions of the freedom fighters.

On the occasion, the Chief Guest, in his inspiring address, encouraged the students to remain committed to the unity, integrity, and progress of the nation. He motivated them to make discipline, hard work, honesty, and a sense of responsibility the foundation of their lives and to contribute meaningfully to nation-building. His inspiring words filled the students with renewed energy, confidence, and enthusiasm.

The Principal, in his address, paid homage to the brave freedom fighters and urged the students to understand and uphold the values of freedom while performing their duties with sincerity and dedication.

The programme concluded with a vote of thanks delivered by the Vice-Principal, Mrs. Geeta Yadav, who expressed her gratitude to the Chief Guest, distinguished guests, staff members, students, and everyone who contributed to the successful celebration.

The entire was filled with patriotism, unity, and national pride. It successfully strengthened the students' sense of respect, responsibility, and commitment towards the nation and made the 80th Independence Day celebration a memorable occasion for the entire Vidyalaya family.